भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †762
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत प्राचीन मंदिर परिपथ

†762. श्री के. मुरलीधरनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल में एक प्राचीन मंदिर परिपथ आरम्भ करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने केरल सहित देश में थीमेटिक परिपथों के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना आरम्भ की थी। केरल में कुल 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है जिसमें तीर्थ और धार्मिक स्थलों का विकास कार्य शामिल था जिसका विवरण अनुबंध में दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और युक्तसंगत पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना में सुधार किया है।

*****

अनुबंध

केरल में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत प्राचीन मंदिर परिपथ के संबंध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †762 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	थीम/वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि करोड़ रू. में
1.	ईको परिपथ 2015-16	पत्तनमतिट्टा - गावी - वागामोन - तेक्कडी का विकास	64.08
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरूमेली - पंपा - संनिधानाम का विकास	54.88
3.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ अरनमुला का विकास	78.08
4.	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मलानाद मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	80.37
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवागिरी श्री नारायण गुरू आश्रम - अरूर्विपुरम - कुन्नूम्पारा श्री सुब्रन्या - चेम्बज़न्ति श्री नारायण गुरूकुलम का विकास	66.43

*****